# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–31 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में जनहित के कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस से वित्तीय वर्ष दो हजार अट्ठाइस उन्तीस तक चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को सहायता अनुदान को मंजूरी दे दी है।

***और आज जो बड़ा फैसला लिया गया है इस फैसले का महत्व आप समझिए। एनसीडीसी कोआपरेटिव सोसाइटिज को लोन देती है। आज उसका कैपिटल दो हजार करोड़ रुपये बढ़ाया गया, कैबिनेट के माध्यम से। जो सबसे इम्पार्टेंट प्वाइंट है वह है ये जो लोन्स जाते हैं, सवा पांच लाख कोआपरेटिव्स को जाते हैं, टोटल नाइन करोर मेम्बर्स हैं जिसके और नाइंटी फोर पर्सेंट फार्मर्स हैं उसके साथ जुड़े।***

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री कृषि संपदा योजना के परिव्यय में छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये की वृद्धि करके इसे सुदृढ़ करने के निर्णय को भी मंजूरी दी है।

**********

गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चित्रकूट में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर तुलसीदास के कालखण्ड की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश के राजे–रजवाड़े विदेशी आक्रांता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, उस समय तुलसीदास जैसे संत सनातन जनचेतना को जागृत कर रहे थे। तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस सही अर्थों में भारत की चेतना का आधार है। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट को संतों, मनीषियों की साधना और सिद्धि की धरती बताया–

***ये चित्रकूट का सौभाग्य है। अनेक ऋषि मुनियों ने दिव्य संतों ने इस धरती को अपनी साधना का अपने सिद्धी का आधार बनाया था और मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम को भी वनवास कालखंड का सर्वाधिक समय इसी चित्रकूट की धरती पर उन्होंने व्यतित किया था।***

तुलसीदास की जयंती के विशेष समारोह में मुख्यमंत्री ने सनातन संस्कृति के उन्नयन में जगत गुरू रामभद्राचार्य और कथावाचक मुरारी बापू के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और मनोहर लाल मन्नू कोरी भी उपस्थित रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष दो हजार आठ में हुए मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी आरोपियों के बरी होने पर प्रसन्नता जताई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना सत्यमेव जयते की सजीव उद्घोषणा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की एक विशेष अदालत ने आज इस मामले के सभी आरोपियों को दोषमुक्त घोषित कर दिया।

**********

प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिंग का मतलब किसी भी विद्यालय को बन्द करना नहीं है। इसमें कोई पद कम या समाप्त नहीं किया जा रहा है। लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि पेयरिंग की प्रक्रिया को लेकर कुछ जिलों में आई शिकायतों को गम्भीरता से लिया गया है और जहां आवश्यक था वहां विद्यालयों के पूर्ववत संचालन के आदेश दिये गये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयर होने वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय की दूरी एक किलोमीटर से अधिक नहीं होगी। बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यालयों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी विद्यालय भवनों का सेफ्टी ऑडिट कराया जा रहा है। जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई भी शुरू हो गयी है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती होने के लिए आज से वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रणाली को लागू कर दिया गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के तरफ से दी गई है। बोर्ड के अनुसार ओटीआर प्रक्रिया पूरी करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट यूपी पीबी पीबी डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉगिन करना होगा। अगर किसी भी अभ्यर्थी को ओटीआर पंजीकरण में कोई परेशानी होती है तो हेल्पलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य नौ एक एक शून्य शून्य शून्य पांच पर सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

**********

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की अंतिम तिथि पंद्रह अगस्त तक बढ़ा दी गई है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन होंगे। वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। इन सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

**********

कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी स्थित सूर्य मंदिर में आयोजित सूर्य प्राकट्य उत्सव में जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने एक सौ इक्यावन पवित्र नदियों के जल से भगवान सूर्य का जलाभिषेक किया। इससे पहले उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों को भी देखा एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**********